मईया तू करती है पल में कमाल | By Mueksh Bagda

मैया तू करती है पल में कमाल
मुझको भी कर दे मैया तू मालामाल
आया हूँ दर पे तेरे मुझको संभाल
मुझको भी कर दे मैया तू मालामाल

मैया तू मेरा बस एक काम कर दे
मेरा भी जग में थोड़ा नाम कर दे
तूने तो सारे ही जग को संभाला है
मैं भी तो माँ अम्बे तेरा हूँ लाल
मुझको भी कर दे मैया तू मालामाल

माँ तेरी जग में है शान निराली
दर पे मैं आया हूँ बन के सवाली
बच्चों की अपने माँ पल में तू सुनती हैं
नज़रें माँ अपनी तू मुझपे भी डाल
मुझको भी कर दे मैया तू मालामाल

मैली है काया माँ निर्मल तू कर दे
नित तुझको ध्याऊँ मैया मुझको ये वर दे
तू ही तो सबकी माँ बिगड़ी बनातीं है
छल और कपट मेरे मन से निकाल
मुझको भी कर दे मैया तू मालामाल

जीवन की नैया छोड़ी तेरे सहारे
मैया रानी मेरे भी भर दे भंडारे
खाली गया ना कोई दर जो तेरे आया है
मन में रहे न कोई भी सवाल
मुझको भी कर दे मैया तू मालामाल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%aa%e0%a4%b2-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b2-by/